भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 450**
दिनांक 03.02.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

**विदेशों में रहने वाले भारतीयों का डाटाबेस**

**450. श्री वाई. देवेन्द्रप्पा**
**श्री कनकमल कटारा:**
**श्री सुनील कुमार सिंहः**
**श्री रतन लाल कटारिया:**
**श्री अरुण सावः**
**श्री देवजी पटेल:**
**श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर:**
**श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे:**
**श्री विजय बघेल:**
**श्री मोहन मंडावी:**
**श्री दिलीप शइकीयाः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास विगत तीन वर्षों के दौरान विदेश में काम करते समय कार्यस्थल पर मारे गए भारतीय नागरिकों के हरियाणा और राजस्थान सहित राज्य–वार आंकडे हैं और यदि नहीं, तो आपातकालीन उपयोग हेतु ऐसे डाटाबेस को तैयार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं:

(ख) क्या सरकार विदेशों में कार्यस्थल पर भारतीयों की मृत्यु की जांच कराती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान ऐसे व्यक्तियों के आश्रितों को कोई वित्तीय सहायता प्रदान की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है:

(घ) उक्त अवधि के दौरान भारतीय नागरिकों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों की संख्या कितनी है और देश–वार कितने मामले हल किए गए और लंबित हैं;

(ङ) क्या सरकार ने कुछ खाड़ी देशों में जबरन मजदूरी का संज्ञान लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं; और

(च) विगत तीन वर्षों के दौरान अवैध वीजा पर भारतीयों को विदेश भेजने के सम्बन्ध में कितने एजेंटों की पहचान की गई है और उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**
विदेश राज्य मंत्री
(श्री वी. मुरलीधरन)

(क से ग) विदेशों में भारतीय नागरिकों की मृत्यु के मामलों को भारतीय मिशनों/केन्द्रों में पंजीकृत किया जाता है, इसलिए उनका रखरखाव संबंधित भारतीय मिशनों/केन्द्रों द्वारा किया जाता है।

किसी भारतीय कामगार की मृत्यु का मामला सामने आने पर संबंधित भारतीय मिशन भारतीय नागरिक की मृत्यु की उचित जांच करने के लिए स्थानीय सरकार से तत्काल संपर्क करता है। ऐसे मामलों में मृतक के परिवार के सदस्यों से अनुरोध प्राप्त होने पर

मृत्यु मुआवजे का निपटान प्रायोजकों और बीमा कंपनी द्वारा किया जाता है। इस संबंध में, परिवार से प्राप्त अनुरोध, यदि कोई, के अनुसार मिशन हमारे सूचीबद्ध वकीलों के माध्यम से कानूनी सहायता प्रदान करता है। इसके अलावा, कई देशों में मेजबान देशों के स्थानीय कानूनों के अनुसार ऐसे मामलों को सीधे नियोक्ताओं और मृतकों के परिवारों के बीच निपटाया जाता है। सरकार परिवार के अनुरोध के अनुसार पार्थिव शरीर को वापस लाने या स्थानीय देह–संस्कार की सुविधा भी प्रदान करती है। इस पर होने वाला व्यय का वहन सरकार द्वारा व्यक्ति की माली हालत के आधार पर किया जाता है। इसके अलावा, सरकार ईसीआर देशों में जाने वाले सभी उत्प्रवास जांच आवश्यक (ईसीआर) श्रेणी के श्रमिकों के लिए एक अनिवार्य बीमा योजना के रूप में प्रवासी भारतीय बीमा योजना (पीबीबीवाई) को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है। यह योजना आकस्मिक मृत्यु या स्थायी विकलांगता के मामले में 10 लाख का बीमा कवर और 275/- रुपये के नाममात्र बीमा प्रीमियम पर 2 साल के लिए या 375/- रुपये के प्रीमियम पर 3 साल के लिए अन्य लाभ प्रदान करती है।

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान निपटाई गई शिकायतों की देश-वार संख्या अनुबंध क पर दी गई है।

(ङ) और (च) भारत सरकार भारत से केवल वैधानिक प्रवासन को ही प्रोत्साहित करती है। मंत्रालय विभिन्न हितधारकों को सुरक्षित और कानूनी प्रवासन के लाभों के बारे में बताने और नकली या अपंजीकृत भर्ती एजेंसियों के माध्यम से अवैध प्रवास को रोकने के संभावित तरीकों के बारे में जागरूक करने के लिए आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। अवैध एजेंटों के बारे में जानकारी भी ई-माइग्रेट पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड और अपडेट की जाती है।

मंत्रालय समय-समय पर फर्जी जॉब रैकेटों के बारे में परामर्शी, मीडिया ब्रीफिंग और ट्वीट जारी करता रहता है। विदेशों में संबंधित भारतीय मिशनों/केन्द्रों द्वारा भी इस तरह के प्रचार–प्रसार अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया हैंडल तथा प्रिंट मीडिया के माध्यम से जारी किए जाते हैं।

जब भी अवैध एजेंटों द्वारा श्रमिकों के शोषण के मामलों की जानकारी प्राप्त होती है, संबंधित भारतीय मिशनों/केन्द्रों के साथ-साथ भारत में प्रवासी कार्यालयों के संरक्षक द्वारा त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की जाती है। अब तक 2331 अवैध एजेंटों को ई-माइग्रेट पोर्टल पर अधिसूचित किया गया है। प्रभावित व्यक्तियों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों के आधार पर यह जानकारी नियमित रूप से अपडेट की जाती है। मौजूदा कानूनों के अनुसार अवैध/नकली एजेंटों के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई करने के लिए इन शिकायतों को संबंधित राज्य पुलिस अधिकारियों को भी भेजा जाता है।

*****

| | | वर्ष **2020** के दौरान | वर्ष **2021** के दौरान | वर्ष **2022** के दौरान |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | देश | निपटाई गई शिकायतें | निपटाई गई शिकायतें | निपटाई गई शिकायतें |
| 1 | अफ़ग़ानिस्तान | 8 | 8 | 2 |
| 2 | अल्जीरिया | 9 | 3 | 2 |
| 3 | अंगोला | 4 | 3 | 6 |
| 4 | अर्जेंटीना | 1 | 0 | 0 |
| 5 | आर्मीनिया | 18 | 7 | 8 |
| 6 | ऑस्ट्रेलिया | 116 | 40 | 66 |
| 7 | ऑस्ट्रिया | 4 | 1 | 2 |
| 8 | अज़रबैजान | 3 | 0 | 1 |
| 9 | बहरीन | 122 | 79 | 89 |
| 10 | बांग्लादेश | 22 | 19 | 17 |
| 11 | बेलारूस | 2 | 0 | 3 |
| 12 | बेल्जियम | 7 | 5 | 8 |
| 13 | भूटान | 2 | 2 | 2 |
| 14 | बोत्सवाना | 0 | 1 | 1 |
| 15 | ब्राज़ील | 7 | 2 | 3 |
| 16 | ब्रूनेई दारुस्सलाम | 14 | 8 | 1 |
| 17 | बुल्गारिया | 0 | 0 | 0 |
| 18 | बुर्किना फासो | 1 | 1 | 2 |
| 19 | कंबोडिया | 11 | 11 | 31 |
| 20 | कैमरून | 0 | 8 | 2 |
| 21 | कनाडा | 186 | 96 | 123 |
| 22 | चिली | 0 | 0 | 2 |
| 23 | चीन | 51 | 22 | 11 |
| 24 | कोलंबिया | 2 | 3 | 1 |
| 25 | कोट डी आइवरी | 11 | 9 | 7 |
| 26 | क्रोएशिया | 0 | 4 | 2 |
| 27 | क्यूबा | 1 | 0 | 0 |
| 28 | साइप्रस | 4 | 3 | 7 |
| 29 | चेक गणराज्य | 8 | 0 | 0 |
| 30 | कोरिया जन लोकतांत्रिक गणराज्य | 1 | 0 | 0 |
| 31 | कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य | 6 | 9 | 7 |
| 32 | डेनमार्क | 6 | 3 | 2 |
| 33 | ज़िबूती | 0 | 2 | 0 |
| 34 | डोमिनिकन गणराज्य | 0 | 0 | 0 |
| 35 | मिस्र | 5 | 0 | 2 |
| 36 | इक्वाटोरियल गिनी | 1 | 1 | 0 |
| 37 | इरिट्रिया | 0 | 1 | 0 |
| 38 | इथोपिया | 13 | 12 | 5 |
| 39 | फ़िजी | 6 | 5 | 0 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 40 | फिनलैंड | 4 | 3 | 3 |
| 41 | फ्रांस | 35 | 24 | 23 |
| 42 | जर्मनी | 46 | 49 | 39 |
| 43 | घाना | 18 | 6 | 2 |
| 44 | यूनान | 1 | 2 | 4 |
| 45 | ग्वाटेमाला | 1 | 2 | 0 |
| 46 | गिनी | 0 | 1 | 1 |
| 47 | गुयाना | 2 | 0 | 2 |
| 48 | हंगरी | 8 | 2 | 1 |
| 49 | आइसलैंड | 2 | 2 | 0 |
| 50 | इंडोनेशिया | 15 | 13 | 15 |
| 51 | ईरान - बंदर अब्बास | 31 | 0 | 0 |
| 52 | ईरान | 29 | 13 | 10 |
| 53 | इराक | 38 | 25 | 18 |
| 54 | आयरलैंड | 4 | 2 | 10 |
| 55 | इजराइल | 7 | 8 | 5 |
| 56 | इटली | 46 | 27 | 12 |
| 57 | जमैका | 3 | 6 | 1 |
| 58 | जापान | 58 | 4 | 3 |
| 59 | जॉर्डन | 13 | 6 | 4 |
| 60 | कजाखस्तान | 14 | 2 | 6 |
| 61 | केन्या | 23 | 16 | 9 |
| 62 | कुवैत | 1493 | 1679 | 212 |
| 63 | किर्गिज़स्तान | 61 | 2 | 2 |
| 64 | लाओ पीडीआर | 3 | 1 | 0 |
| 65 | लेबनान | 11 | 2 | 4 |
| 66 | लीबिया | 9 | 2 | 2 |
| 67 | मेडागास्कर | 6 | 0 | 0 |
| 68 | मालावी | 3 | 1 | 2 |
| 69 | मलेशिया | 473 | 356 | 213 |
| 70 | मालदीव | 21 | 20 | 38 |
| 71 | माले | 1 | 3 | 1 |
| 72 | माल्टा | 1 | 2 | 5 |
| 73 | मॉरीशस | 5 | 5 | 0 |
| 74 | मेक्सिको | 3 | 3 | 1 |
| 75 | मोरक्को | 0 | 0 | 1 |
| 76 | मोजाम्बिक | 9 | 3 | 6 |
| 77 | म्यांमार | 8 | 4 | 48 |
| 78 | नामिबिया | 0 | 0 | 0 |
| 79 | नेपाल | 18 | 10 | 10 |
| 80 | नीदरलैंड | 18 | 8 | 11 |
| 81 | न्यूज़ीलैंड | 14 | 18 | 48 |
| 82 | नाइजर | 1 | 0 | 0 |
| 83 | नाइजीरिया | 32 | 57 | 22 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 84 | नॉर्वे | 1 | 8 | 0 |
| 85 | ओमान | 357 | 213 | 243 |
| 86 | पाकिस्तान | 143 | 10 | 3 |
| 87 | पनामा | 1 | 0 | 0 |
| 88 | पापुआ न्यू गिनी | 1 | 0 | 2 |
| 89 | पेरू | 2 | 0 | 0 |
| 90 | फिलिपींस | 51 | 19 | 17 |
| 91 | पोलैंड | 13 | 14 | 15 |
| 92 | पुर्तगाल | 12 | 9 | 17 |
| 93 | कतर | 2382 | 1412 | 360 |
| 94 | कोरिया गणराज्य | 6 | 8 | 6 |
| 95 | रोमानिया | 14 | 6 | 5 |
| 96 | रूसी परिसंघ | 45 | 17 | 6 |
| 97 | रवांडा | 1 | 1 | 4 |
| 98 | साओ टोम और प्रिंसिपे | 0 | 0 | 2 |
| 99 | सऊदी अरब | 3257 | 1367 | 1064 |
| 100 | सेनेगल | 3 | 4 | 4 |
| 101 | सर्बिया | 3 | 3 | 2 |
| 102 | सेशल्स | 2 | 6 | 7 |
| 103 | सियरा लिओन | 0 | 1 | 6 |
| 104 | सिंगापुर | 84 | 63 | 77 |
| 105 | स्लोवाकिया | 0 | 0 | 1 |
| 106 | स्लोवेनिया | 2 | 0 | 0 |
| 107 | दक्षिण अफ्रीका | 20 | 11 | 3 |
| 108 | दक्षिण सूडान | 0 | 1 | 2 |
| 109 | स्पेन | 11 | 7 | 13 |
| 110 | श्रीलंका | 34 | 20 | 9 |
| 111 | सूडान | 10 | 8 | 2 |
| 112 | सूरीनाम | 2 | 1 | 0 |
| 113 | स्वीडन | 15 | 3 | 9 |
| 114 | स्विट्ज़रलैंड | 4 | 4 | 3 |
| 115 | सीरिया | 2 | 0 | 0 |
| 116 | ताइवान | 5 | 4 | 2 |
| 117 | तजाकिस्तान | 4 | 0 | 1 |
| 118 | तंजानिया | 10 | 11 | 10 |
| 119 | थाईलैंड - बैंकॉक | 23 | 14 | 42 |
| 120 | कांगो गणराज्य | 0 | 2 | 2 |
| 121 | टोगो - लोम | 0 | 2 | 0 |
| 122 | त्रिनिदाद और टोबैगो | 0 | 1 | 0 |
| 123 | ट्यूनीशिया | 1 | 0 | 1 |
| 124 | तुर्की | 4 | 8 | 6 |
| 125 | तुर्कमेनिस्तान | 0 | 2 | 0 |
| 126 | अमेरिका | 382 | 258 | 211 |
| 127 | युगांडा | 8 | 10 | 8 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 128 | यूक्रेन | 32 | 17 | 91 |
| 129 | संयुक्त अरब अमीरात | 1479 | 594 | 588 |
| 130 | यूनाइटेड किंगडम | 132 | 50 | 96 |
| 131 | उज़्बेकिस्तान | 3 | 0 | 2 |
| 132 | वेनेजुएला | 1 | 1 | 1 |
| 133 | वियतनाम | 11 | 2 | 3 |
| 134 | यमन | 6 | 5 | 7 |
| 135 | जाम्बिया | 7 | 5 | 1 |
| 136 | जिम्बाब्वे | 2 | 0 | 0 |
| | **कुल** | **11828** | **6959** | **4163** |

*****